मंगलवार
27 जून 2023



पृष्ठ 4
चेहरे पर चाहिए नेचुरल निखार तो सिर्फ नींबू से बन जाएगा आपका काम



पृष्ठ 5
रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी



● देहरादून
● वर्ष 31
● अंक 144
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

जिस राष्ट्र में चरित्रशीलता नहीं है उसमें कोई योजना काम नहीं कर सकती।

— विनोबा

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक

आर.एन.आई.- 59626/94

email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

# बदमाशों ने एटीएम मशीन काटकर निकाले 15 लाख रुपये

संवाददाता

देहरादून। बदमाशों ने एटीएम मशीन काटकर वहां से 15 लाख रूपये की नगदी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रात: डोईवाला कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि हर्रावाला मुख्य मार्ग पर स्थित भारतीय स्टेट बैंक के एटीएम को काटकर उसमें रखे रूपये निकाल लिये गये हैं। सूचना मिलते ही सीओ डोईवाला अनिल शर्मा, कोतवाल राजेश शाह मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया तो देखा कि चोरों के द्वारा बडी सफाई से एटीएम मशीन को काटकर उसमें से रूपये निकाल लिये। जिसके बाद पुलिस ने आसपास के लोगों से सम्पर्क किया और घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे चैक किये गये। बैक अधिकारियों से पता करने पर पुलिस को पता चला कि एटीएम मशीन में 15 लाख रूपये थे। जिसके बाद डोईवाला कोतवाली पुलिस ने इसकी सूचना अपने



उच्चाधिकारियों को दी और घटना का खुलासा करने के लिए टीम का गठन किया गया। पुलिस ने जब सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो पता चला कि रात्रि करीब दो बजे एक कार एटीएम के पास आकर खडी हुई। जिसमें छह लोग सवार थे तथा तीन कार के बाहर खडे होकर रैकी कर रहे थे कि कौन आ रहा है कौन जा रहा है तथा तीन लोग एटीएम के अन्दर घुसे थे। काफी देर बाद एटीएम में घुसे लोग बाहर आये और सभी कार से फरार हो गये। यह जानकारी पुलिस के लिए महत्वपूर्ण थी। घटना का पता चलते ही डीआईजी/एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने डोईवाला कोतवाली पुलिस के साथ ही एसओजी देहात व एसओजी नगर को भी बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए आदेश दे दिये। जिसके बाद एसओजी व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम बदमाशों की तलाश में लग गये।

पुलिस अधिकारियों का दावा है कि शीघ्र घटना का खुलासा कर दिया जायेगा। यहां यह भी है कि बदमाशों के हौसले कितने बुलन्द हो रखे हैं कि मुख्य मार्ग पर स्थित एटीएम में घुसकर उसको काटने व उसमें से रूपये निकालकर ले गये और किसी का उनकी तरफ ध्यान नहीं दिया। जबकि हर्रावाला मुख्य मार्ग हाईवे है तथा पूरी रात वहां पर आवाजाही होती है इसके बावजूद बदमाशों ने बेखौफ घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है।

# सरकार 8 हफ्ते में करें लोकायुक्त की नियुक्तिः हाईकोर्ट

**❑2013 से खाली पड़ा है लोकायुक्त का पद**
**❑सरकार हर साल कर रही है दो से तीन करोड़ खर्च**
**❑हाईकोर्ट ने लगाई लोकायुक्त खर्च पर रोक**

विशेष संवाददाता

नैनीताल। नैनीताल हाईकोर्ट ने आज एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए सरकार को 8 हफ्ते में लोकायुक्त की नियुक्ति करने के निर्देश दिए हैं वही लोकायुक्त पर किए जा रहे खर्च पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।

हाईकोर्ट में हल्द्वानी के रविशंकर जोशी द्वारा दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह फैसला सुनाया गया है। याचिकाकर्ता द्वारा राज्य में भ्रष्टाचार के कुछ मामलों का उदाहरण देते हुए राज्य के लोकायुक्त की निष्क्रियता पर सवाल उठाए गए थे। याचिकाकर्ता का कहना था कि राज्य में 2013 से लोकायुक्त पद पर किसी की तैनाती नहीं हुई है और सरकार लोकायुक्त पर हर साल 2 से 3 करोड़ रूपये खर्च कर रही है जिसका कोई औचित्य नहीं है। उल्लेखनीय है कि हाईकोर्ट द्वारा इससे पूर्व हुई सुनवाई में सरकार से पूछा गया था कि उसने अब तक लोकायुक्त की नियुक्ति के लिए क्या किया है तथा लोकायुक्त के गठन से लेकर अब तक लोकायुक्त पर सरकार द्वारा कितना खर्च किया गया है।

सरकार द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार लोकायुक्त को 36 करोड़ रुपए जारी किए गए हैं जिसमें से 29 करोड़ रूपये खर्च किया जा चुका है लोकायुक्त में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या 24 बताई गई है लेकिन इसके साथ यह भी कहा गया है कि यह कर्मचारी दूसरे अन्य विभागों में भी काम कर रहे हैं हाई कोर्ट द्वारा अब इन कर्मचारियों की सूची और जिन विभागों में वह काम कर रहे हैं उसकी जानकारी भी मांगी गई है। अदालत द्वारा सरकार से साफ-साफ पूछा

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

# कुलगाम में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी ढेर, एक जवान जख्मी



श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के कुलगाम जिले में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मंगलवार को एक आतंकवादी मारा गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ में जम्मू कश्मीर पुलिस का एक जवान जख्मी हो गया है जिसका इलाज किया जा रहा है। कश्मीर जोन पुलिस ने ट्वीट किया, श्एक आतंकवादी मारा गया। उसकी और वह किस संगठन से जुड़ा था, इसका पता लगाया जा रहा है। उसके पास से हथियार और गोला-बारूद सहित कई अन्य सामग्री बरामद की गई है। घटना की जानकारी देते हुए जम्मू कश्मीर पुलिस ने बताया कि, सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच यह झड़प कुलगाम जिले के हुवरा गांव में हुई है। हमें सूचना मिली थी कि यहां आतंकवादी छिपे हुए हैं। मौके पर सुरक्षाबलों के साथ मिल कर घेराबंदी की गयी। इस एनकाउंटर में पुलिस का एक जवान घायल हो गया है। बाद में एक स्थानीय आतंकवादी को मार गिराया गया है। आतंकवादी की पहचान फिलहाल नहीं हो पायी है। उसके बारे में पता लगाया जा रहा है। पुलिस ने आगे बताया कि, घटनास्थल पर हथियार और गोला-बारूद समेत कई आपत्तिजनक सामग्री पाए गए हैं।

# यूसीसी को लेकर पीएम मोदी ने कहा, देश को दो कानूनों पर कैसे चलाया जा सकता है?

भोपाल। भोपाल में मेरा बूथ, सबसे मजबूत कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने बड़ा बयान दिया। उन्होंने पहली बार समान नागरिक संहिता पर अपनी बात रखी। पीएम मोदी ने कहा, सुप्रीम कोर्ट ने बार-बार कहा कि देश में समान नागरिक संहिता लाओ। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, आज यूसीसी के नाम पर लोगों को भड़काया जा रहा है। देश को दो कानूनों पर कैसे चलाया जा सकता है? संविधान भी समान अधिकारों की बात करता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी यूसीसी लागू करने को कहा है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष लोग वोट बैंक की राजनीति खेल रहे हैं।



पीएम मोदी ने कहा, जो भी तीन तलाक के पक्ष में बात करते हैं ये लोग मुस्लिम बेटियों के साथ बहुत बड़ा अन्याय कर रहे हैं। तीन तलाक से सिर्फ बेटियों को नुकसान नहीं होता है बल्कि इससे पूरा परिवार तबाह हो जाता है। मैं समझता हूं कि मुसलमान बेटियों पर तीन तलाक का फंदा लटका कर कुछ लोग उन पर हमेशा अत्याचार करने की खुली छूट चाहते हैं। पीएम मोदी ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर कांग्रेस व अन्य विपक्षी दलों पर भी करारा हमला किया। उन्होंने कहा, घोटालेबाजों पर आज कानून का डंडा चल रहा है और इसके डर से ये सभी दल जुगलबंदी कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा आज मैं एक साथ बूथ पर काम करने वाले 10 लाख कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहा हूं। शायद किसी भी राजनीतिक दल के इतिहास में ग्रास रूट लेवल पर व्यवस्थित तरीके से इतना बड़ा कार्यक्रम कभी नहीं हुआ होगा जितना बड़ा आज यहां हो रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा की सबसे बड़ी ताकत आप सभी कार्यकर्ता हैं।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# संकल्प नशा मुक्ति का

'नशा एक सामाजिक अभिशाप है। नशा मनुष्य के विवेक का नाश कर देता है और विवेक हीन मनुष्य समाज का, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का यह कथन आज भी उतना ही सत्य है जितना उनके समय में था लेकिन इस सत्य को कितने वर्षों पूर्व स्वीकार किए जाने के बाद भी इस समस्या का कोई समाधान नहीं खोजा जा सका है। कुछ खास मौकों पर नशे को लेकर सेमिनारों और जनजागृति कार्यक्रमों के आयोजन तक सीमित रह कर ही हम और हमारी सरकारों द्वारा अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली जाती है। कल अंतरराष्ट्रीय मादकता निषेध दिवस के अवसर पर उत्तराखंड सहित पूरे देश में अनेक ऐसे कार्यक्रमों का आयोजन इसका एक उदाहरण है। सवाल यह है कि आजादी के 75 साल बाद देश और देश के समाज की नशावृत्ति की क्या स्थिति है? उड़ता पंजाब जैसी फिल्में इसकी हकीकत को बयां करने के लिए काफी हैं। देश की युवा पीढ़ी और खासकर किशोरवय् के बच्चों तक को नशे ने किस कदर अपनी गिरफ्त में ले रखा है इसकी हकीकत को हर परिवार और हर व्यक्ति अच्छी तरह से जानता समझता है क्योंकि आज के वर्तमान में हर दूसरा परिवार इस समस्या का सामना कर रहा है किसी के बच्चे नशावृत्ति के जाल में फंसे हैं किसी परिवार के बड़े सदस्य इसकी गिरफ्त में हैं। जिसके कारण हर परिवार गृह क्लेश व अशांति का अखाड़ा बना हुआ है। वर्तमान दौर में हर एक व्यक्ति किसी न किसी तरह की समस्या से घिरा हुआ है और इस समस्या के कारण तनावग्रस्त आदमी नशे में अपनी समस्याओं का समाधान और जीवन का सकून तलाश रहा है खास बात यह है कि हर एक उस व्यक्ति को इस बात की जानकारी है कि वह जो कर रहा है वह समस्या का समाधान नहीं है। लेकिन नशा उसके विवेक को खा चुका है और वह नशा वृत्ति के अंधकार में डूब कर अपना और अपने परिवार का विनाश करने में लगा हुआ है। आज समाज के लिए नशा मुक्ति एक ऐसी बड़ी समस्या बन चुका है जिसका समाधान आसान नहीं है। समाज में नशे के तमाम प्रकारों का प्रचलन हो चुका है। राज्य की सरकारों द्वारा शराब और नशे के समान को अपनी आय का प्रमुख स्रोत बना लिया गया है। अगर कुछ सरकारों द्वारा इस पर रोक लगाने की कोशिशें की जाती है तो पूरा समाज सरकार के खिलाफ खड़ा हो जाता है और सत्ता को ही पलट देता है इसका उदाहरण हरियाणा है। जहां भी सरकारों ने शराबबंदी का फैसला लिया है वहां अवैध शराब का कारोबार और अवैध शराब पीकर व्यापक स्तर पर लोगों की जान जाने की घटनाएं सामने आने लगती हैं अभी अभी बिहार में इस तरह की अनेक घटनाएं सामने आ चुकी हैं। जिन पर खुद सीएम नीतीश कुमार ने यहां तक कह दिया था कि पियोगे तो मरोगे ही इसमें सरकार क्या कर सकती है। उनके इस सख्त रुख को न तो विपक्ष दल पचा सके न वह आम जनता जो अवैध शराब सेवन से मरने पर 10-20 लाख मुआवजे की उम्मीद लगाए बैठी रहती है देश में नशा वृत्ति को रोकने के लिए लाखों लाख एनजीओ काम कर रहे हैं लेकिन उनका काम नशा वृत्ति को रोकना नहीं है वह काम नहीं कारोबार कर रहे हैं, नशा मुक्ति केंद्रों का काम सिर्फ कमाई करना है। इन नशावृत्ति केंद्रों में आए दिन होने वाली मौतों पर कोई भी सरकार गंभीर नहीं है। उत्तराखंड की सरकार द्वारा 2025 तक नशा मुक्त राज्य की बात कही जा रही है भले ही सुनने में यह बहुत सुखद प्रतीत हो रहा हो लेकिन क्या 2025 तक सरकार वास्तव में प्रदेश को नशा मुक्त राज्य बना देगी या यह धामी सरकार का विकल्प रहित संकल्प है? अगर इमानदारी से कहा जाए तो इस सवाल का जवाब है कदाचित ही नहीं। बीते कल धन सिंह रावत ने नशामुक्ति का संकल्प लेने और दिलाने वाले छात्रों को परीक्षा में 5 अंक अतिरिक्त दिए जाने की घोषणा की है सवाल यह नहीं है कि यह 5 अतिरिक्त अंक मिलेंगे या नहीं सवाल यह है कि क्या इस तरह के प्रयासों से प्रदेश को 2025 तक नशा मुक्त प्रदेश बनाया जा सकता है? उत्तराखंड जिसे अब एक पर्यटन राज्य के रूप में विकसित किया जा रहा है और पर्यटन जो मौज मस्ती के निमित्त है उस राज्य को पर्यटन राज्य बनाना और नशा मुक्त राज्य बनाना दो नावों में पैर रखकर नदी पार करने जैसी बातें हैं। इसे सिर्फ लफ्फाजी ही कहा जा सकता है।

**अग्निं सूनुं सहसो जातवेदसं दानाय वार्याणाम्।**
**द्विता यो भूदमृतो मर्त्येष्वा होता मन्द्रतमो विशि॥**
(ऋग्वेद ८-७१-११)

हमारी स्तुति अग्नि देव को पहुंचे। जो मरणशील मनुष्यों में भी अमर है। जो भौतिक और आध्यात्मिक दोनों रूपों में विद्यमान है। वह हमें ज्ञान और शक्ति दोनों प्रदान करें।

May our prayers reach Agni. Who is immortal even among mortal men. Which exists in both physical and spiritual forms. May she give us both wisdom and strength. (Rig Ved 8-71-11)

# कांग्रेस प्रतिनिधिमण्डल ने शहर की समस्याओं को लेकर मंत्री को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता

देहरादून। शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ता पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचंद शर्मा के साथ शहरी विकास मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल से मिले और उनको ज्ञापन सौपा।

आज यहां महानगर कांग्रेसजनों के प्रतिनिधिमण्डल ने शहरी विकास मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौंपते हुए देहरादून महानगर की समस्याओं से अवगत कराया तथा जन समस्याओं के निवारण का अनुरोध किया।



पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा एवं पूर्व विधायक राजकुमार के नेतृत्व में शहरी विकास मंत्री प्रेमचन्द अग्रवाल से मिले महानगर कांग्रेस के प्रतिनिधिमण्डल ने कहा कि देहरादून महानगर में स्मार्ट सिटी के नाम पर चल रहे निर्माण कार्यो के चलते पूरे देहरादून की सड़कें खुदी हुई हैं तथा आये दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही है। देहरादून महानगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह से चरमराई हुई है तथा घरों की पेयजल लाईनें जगह-जगह टूटी होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। बरसात का सीजन शुरू होने वाला है परन्तु निर्माण कार्यों की धीमी गति के चलते शहर की सभी नालियां बंद पडी हुई हैं यदि बरसात अधिक मात्रा में हुई तो स्थिति काफी भयावह हो सकती है। पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि मौसम की पहली ही बारिस से देहरादून शहर में लगभग सभी इलाकों में पानी भरने से आम आदमी का बुरा हाल हो रहा है।

स्मार्ट सिटी के निर्माण कार्यो के चलते शहर की नालियां खुदी पड़ी है तथा पानी की निकासी न होने के कारण सड़कों में पानी भर जा रहा है जिससे आवागमन में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है तथा आये दिन दुर्घटनायें घटित हो रही हैं। शहर के कई स्थानों में सीवर लाईन खुदाई के कारण बन्द नालियों का पानी लोगों के घरों में घुस रहा है। स्मार्ट सिटी के कार्य कछुवा चाल से तो चल ही रहे हैं, शहर के मुख्य नालों को बनाने के लिए जगह जगह खुदाई कर दी गई है। ऐसे में आने वाले समय में होने वाली बरसात से शहर की स्थिति का स्वत: ही अंदाजा लगाया जा सकता है। वहीं पूर्व विधायक राजकुमार ने मलिन बस्तियों की समस्या रखते हुए कहा कि देहरादून शहर में बसी हुई मलिन बस्तियों में एलिवेटेड सड़कों के निर्माण की योजना बनाई जा रही है जो कि पूर्णत: अव्यवहारिक है।शहरी विकास मंत्री ने प्रेमचन्द अग्रवाल ने प्रतिनिधिमण्डल को आश्वासन दिया कि उनके द्वारा उठाये गये मामलों मे त्वरित कार्रवाई की जायेगी। प्रतिनिधिमण्डल में गौरव चौधरी, दीप बोहरा, भरत शर्मा आदि कांग्रेसजन शामिल थे।

# तृतीय विदाई समारोह में ईशा मिस व अर्पित बने मिस्टर फेयरवेल

संवाददाता

देहरादून। सरदार महिपाल राजेन्द्र जनजातीय पीजी कालेज के तृतीय विदाई समारोह में ईशा मिस फेयरवेल व अर्पित शर्मा मिस्टर फेयरवेल चुने गये।

आज यहां सरदार महिपाल राजेंद्र जनजातीय (पी.जी.) कॉलेज साहिया में तृतीय विदाई समारोह कार्यक्रम-2023' का आयोजन किया गया। द्वितीय वर्ष के छात्र-छात्राओं द्वारा तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं को नम आंखों से विदाई दी गई। कार्यक्रम के अवसर पर छात्र-छात्राओं ने अपनी भावनाओं को एक दूसरे के साथ साझा किया और महाविद्यालय में बिताए अपने अविस्मरणीय पलों की याद दिलाई। विदाई समारोह कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ साथ विभिन्न प्रतियोगिताओं को आयोजित किया गया। कार्यस्थल पर तृतीय वर्ष के छात्र छात्राओं की गतिविधियों को देखते हुए ईशा चौहान को मिस फेयरवेल और अर्पित शर्मा को मिस्टर फेयरवेल चुना गया साथ ही शानिया को मिस ब्यूटी और विवेक तोमर को मिस्टर हैंडसम चुना गया।कार्यक्रम के शुभ अवसर पर सत्र 2019-22 में पास आउट होने वाले छात्र-छात्राओं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को सम्मानित किया जिसमें आकांक्षा चौहान को स्वर्ण पदक, अभिषेक चौहान को कांस्य पदक और रविता को रजत पदक प्रदान किया गया। यह प्रथम अवसर था जब महाविद्यालय द्वारा अपनी सत्र 2018-2021 में पासआउट हुए छात्रों द्वारा किए हुए विविध क्रियाकलापों व परीक्षा परिणाम पर 'सफलता की ऊँचाई' नामक शीर्षक पर पुस्तक का विमोचन किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर राजकुमारी भंडारी विभागाध्यक्ष राजनीतिक विज्ञान विभाग वीर शहीद केसरी चंद राजकीय महाविद्यालय डाकपत्थर द्वारा छात्र-छात्राओं को भविष्य की संभावनाओं से रूबरू कराते हुए आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

# अपनी 5 सूत्री मांगों को लेकर लघु व्यापारी मिले नगर आयुक्त से

संवाददाता

हरिद्वार। लघु व्यापारियों ने अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर नगर आयुक्त का घेराव कर मांग पत्र सौंपा।

आज यहां फुटपाथ के कारोबारी रेहड़ी पटरी के स्ट्रीट वेंडर्स लघु व्यापारियों के सामूहिक संगठन से जुड़े संगठनों के प्रतिनिधियों ने प्रांतीय अध्यक्ष संजय चोपड़ा की अगुवाई में सामूहिक रूप से नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती से मुलाकात की।



आगामी कांवड़ मेले के दृष्टिगत पूर्व के प्रस्तावित सभी 12 वेडिंग जोन में साइन बोर्ड लगाए जाने के साथ विष्णु घाट पुल पार पंतदीप पार्किंग, बस अड्डा, रेलवे स्टेशन, प्राचीन काली मंदिर मार्ग, भीमगोडा, सप्त ऋषि, दक्ष मंदिर रोड इत्यादि क्षेत्रों के चलती फिरती फेरी, टोकरी, रेडी पटरी के लघु व्यापारियों को नगर निगम प्रशासन की ओर से बिक्री प्रमाण पत्र लाइसेंस दिए जाने की मांग के साथ कांवड़ मेले के दौरान अन्य राज्यों से आने वाले रेडी पटरी के लघु व्यापारियों का पंजीकरण कर पुलिस प्रशासन की ओर से सत्यापन किए जाने की मांग को भी प्रमुखता से दोहराया।

संजय चोपड़ा ने यह भी कहा कांवड़ मेले के दौरान बनाए जाने वाली पार्किंग के नजदीक आई स्थाई रूप से वेंडिंग जोन के रूप में रेडी पटरी के स्थान उपलब्ध करा कर व्यवस्थित तरीके से स्थापित किया किया जाना चाहिए। नगर आयुक्त दयानंद सरस्वती ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया किसभी चिन्हित वेंडिंग जोन में साइन बोर्ड लगाए जाने के साथ पीडब्ल्यूडी सिंचाई विभाग पुलिस प्रशासन को भी पत्र लिखकर सूचित किए जाने के लिए आदेशित किया। इस अवसर पर हेमंत शर्मा ,महिला मोर्चा की संयोजक पूनम माखन. पार्वती देवी. कामिनी मिश्रा. संगीता. सुनीता चौहान, मंजू पाल. विमला देवी. पुष्पा दास. माया. श्रीमती ऋतु. आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

# हीटस्ट्रोक के कारण हो रहा है लूजमोशन तो ये उपाय आएंगे आपके बड़े काम

गर्मी के दिनों में सबसे ज्यादा लोगों को पेट से संबंधित शिकायत होती है। अक्सर लू लगने की वजह से लूज मोशन की समस्या देखने को मिलती है। गर्मियों में अक्सर मसालेदार खाना या बासी खाना खाने की वजह से भी दस्त की समस्या हो जाती है।डिहाइड्रेशन के कारण पाचन तंत्र में पानी की कमी हो जाती है।इससे आंतो में सूजन, पेट में दर्द, उल्टी, सर दर्द, चक्कर जैसी समस्या हो सकती है। अगर इसका सही वक्त पर इलाज न किया जाए तो समस्या गंभीर हो सकती है और आपको हॉस्पिटल जाने की नौबत आ सकती है। ऐसे में हम आपको कुछ घरेलू उपाय बता रहे हैं जिसकी मदद से आप दस्त से जल्दी आराम पा सकते हैं।

दही-लूज मोशन की समस्या में आप दही का सेवन कर सकते हैं।इसमें प्रोबायोटिक्स होता है जो आंतों में गुड बैक्टीरिया को बढ़ाता है और शरीर से टॉक्सिंस को बाहर निकालने में मदद करता है।इससे पेट को ठंडक भी मिलती है।अगर आपको लूज मोशन की समस्या हो रही है तो आप दही का सेवन करें इससे पाचन तंत्र दुरुस्त रहेगा।

नींबू पानी-लूज मोशन की समस्या में आप नींबू पानी भी पी सकते हैं।नींबू में एसिडिक गुण के साथ साथ एंटी माइक्रोबियल गुण भी होता है जो दस्त का कारण बनने वाले बैक्टीरिया को खत्म करने में मदद कर सकता है।एक ग्लास पानी में नींबू निचोड़ कर काला नमक मिला लें और इसे पी लें।इससे आपको आराम मिल सकता है।ये शरीर में पानी की कमी को पूरा करके आपको एनर्जी प्रदान करेगा।

केला- दस्त की समस्या में केला खाना भी काफी फायदेमंद हो सकता है।इसमें फाइबर और पोटैशियम की मात्रा होती है जो पाचन के लिए सही माना जाता है।इसके अलावा इसमें पेक्टिन नाम का तत्व मौजूद होता है जो पेट को बांध कर दस्त को रोकने का काम करता है।

धनिया की चाय-दस्त और पेट दर्द की दिक्कत दूर करने के लिए आप धनिया की चाय पी सकते हैं। ये चाय टॉनिक की तरह काम करती है और शरीर से टॉक्सिंस भी बाहर निकाल देती है। चाय बनाने के लिए आधा चम्मच धनिया के दाने ले और एक गिलास पानी में मिलाकर हल्का उबल लें और छान कर पी लें। धनिया के दोनों में कई गुण पाए जाते हैं। जैसे विटामिन ए, विटामिन सी, विटामिन के जो आपके पेट के लिए फायदेमंद हो सकते।

जीरा वॉटर-आप जीरा वॉटर भी पी सकते हैं। पाचन से जुड़ी समस्याओं के लिए ये रामबाण की तरह काम करता है। इसमें एंटीऑक्सीडेंट, एंटी इन्फ्लेमेटरी गुण होते हैं, जो आंतों में हानिकारक बैक्टीरिया को खत्म करते हैं। एक चम्मच जीरा को भून लें और फिर पीस लें। अब इसमें काला नमक मिलाकर गर्म पानी के साथ पी लें (आरएनएस)

# घर पर ही आराम से करें एरोबिक एक्सरसाइज

शरीर फिट रखने के लिए सिर्फ वर्कआउट ही काफी नहीं ! अगर आपको पता ही न हो कि आपके लिए कौनसी एक्सरसाइज सही है और कौनसी गलत।।। तो सब बेकार है। दरअसल अलग-अलग एक्सरसाइज के अलग-अलग फायदें हैं, इसलिए आज हम बताएंगे कुछ एरोबिक एक्सरसाइज के बारे में जो न सिर्फ आपको शारीरिक तौर पर मजबूती देगी, बल्कि मानसिक रूप से भी हेल्दी रखेगी। ऐसे में अगर अगर आप तलाश में हैं एक ऐसी एक्सरसाइज की, जो आपका वजन घटाने के साथ-साथ आपके दिल को भी स्वस्थ रखेगी, तो आपके लिए परफेक्ट है एरोबिक एक्सरसाइज। तो चलिए जानते हैं एरोबिक एक्सरसाइज के तमाम फायदें, जिसके आप खुद को स्वस्थ रख सकते हैं।।।

क्या है एरोबिक एक्सरसाइज के फायदे

डेली एरोबिक एक्सरसाइज करना हमारे शरीर में अधिक मात्रा में कैलीरी बर्न करने में मदद करेगा। साथ ही इसस हमारे मांसपेशियों को भी मजबूती मिलेगी। डेली एरोबिक एक्सरसाइज शरीर में बढ़ाएगी और दिल को मजबूत रखेगी। इससे आपको दिल से जुड़ी बीमारियों से काफी हद तक छुटकारा मिल सकेगा। बता दें कि डांस करना भी एरोबिक एक्सरसाइज का ही एक हिस्सा है, ऐसे में आप अपना मनपसंद म्यूजिक के सुनते हिप-हॉप डांस भी इंजॉय कर सकते हैं।

कौनसी है एरोबिक एक्सरसाइज

1साइकिल चलाना: एरोबिक एक्सरसाइज का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है साइक्लिंग करना, रोजाना साइक्लिंग आपके कूल्हों, घुटनों, पीठ या टखनों पर बिना किसी अतिरिक्त प्रेशर इम्यून सिस्टम को मजबूत करती है, जिससे हमारी इम्युनिटी में इजाफा होता है। वहीं साइक्लिंग करने से हमारी हार्ट भी हेल्दी रहता है।

2स्वीमिंग: एरोबिक एक्सरसाइज के लिए आप स्वीमिंग भी कर सकते हैं। ये भी एक बेहतरीन एरोबिक गतिविधि है। स्वीमिंग करना न सिर्फ दिमाग को फिट बनाता है, बल्कि ये हमारे दिल के लिए भी काफी अच्छा है। स्वीमिंग करने से हमारा रक्त अधिक कुशलता से पंप होता है, साथ ही इससे मस्तिष्क भी सेहतमंद रहता है।

3रनिंग: रनिंग एक बेहतरीन एरोबिक एक्सरसाइज है, क्या और कैसे करना है ये तो हम सभी जानते हैं, लिहाजा हम इसके फायदों को समझते हैं। एरोबिक एक्सरसाइज से हम कई ज्यादा मात्रा में कैलोरी बर्न कर सकते है। विशेषज्ञों के मानें तो जिन जाने के बजाए अगर आप डेली रनिंग करें, तो ये एक बेहतक विकल्प साबित हो सकता है। (आरएनएस)

# जनसुनवायी कार्यक्रम में आयी 68 शिकायतें, अधिकांश का मौके पर किया निस्तारण



संवाददाता

देहरादून। जनसुनवायी कार्यक्रम में आयी 68 शिकायतों में से अधिकांश का मौके पर ही निस्तारण कर लिया गया।

आज यहां मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलैक्ट्रेट में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनसुनवाई में 68 शिकायतें प्राप्त हुई जिनमें अधिकतर शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष शिकायतों को सम्बन्धित विभागों/अधिकारियों को हस्तांतरित करते हुए निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया। आज प्राप्त शिकायतों में भूमि विवाद , अतिक्रमण, सीवर ,जलभराव , रास्ते पर अतिक्रमण , पीएमजीएसवाई की सड़क खोले जाने आदि शिकायते प्राप्त हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों को प्राथमिकता से निस्तारण करना सुनिश्चित करें साथ ही कहा कि एकबार जो शिकायत जनसुनवाई में प्राप्त हुई है वह दोबारा जनसुनवाई में न आए उससे पहले ही शिकायत का निस्तारण कर लिया जाए।कहा कि जिन शिकायतों पर मौकामुआवना एवं जांच होनी है तथा समय लग रहा है से भी सम्बधित शिकायतकर्ता को सूचित कर दिया जाए। विकासनगर के ईस्टहोपटाउन व हरबंटपुर में भूमि कब्जा करने, उमेदपुर में रास्ते पर कब्जा करने कि शिकायतों पर उपजिलाधिकारी विकासनगर को वर्चुअल माध्यम से शिकयतों का निस्तारण करने निर्देश दिए। अनुराग नर्सरी के समीप पानी घुसने एवं आमवाला में नाला निर्माण करवाने के शिकायती पत्र पर नगर निगम को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। रामनगर डांडा में वन भूमि पर कब्जे की शिकायत पर वर्चुअल माध्यम से जुडे तहसीलदार डोईवाला को जांच के निर्देश दिए। रूपनगर बद्रीपुर में सीवर लाईन डालने की शिकायत पर अधि0 अभि0 पेयजल निगम को कार्यवाही के निर्देश दिए। जनसुनवाई में राजपुर क्षेत्र में अनुमति से अधिक खनन किए जाने कि शिकायतों पर सम्बंधित के विरूद्ध चालान की कार्यवाही करने के निर्देश जिला खान अधिकारी को तथा पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए। डोईवाला तथा रानीपोखरी में भूमि के सीमांकन कराने कि शिकायत पर तहसीलदार डोईवाला एवं ऋषिकेश को कार्यवाही के निर्देश

# वर्क संस्था ने बांटी बरसाती

संवाददाता

देहरादून। भारी बारिश के चलते वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन रिलिजन एंड नालेज के पदाधिकारियों ने लोगों को बरसाती बांटी।



आज यहां वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन रिलिजन एंड नॉलेज (वर्क) के कार्यकर्ताओं ने बरसात के चलते लोगों को देहरादून आईएसबीटी माजरा पर बरसात में भीगते हुए जरूरतमंद लोगों को बच्चों को बड़ों को औरतों को मजदूरों व पुलिस के लोगों को बरसाती बांटने का कार्य किया वर्क के कार्यकर्ताओं ने सौ से ज्यादा बरसाती बाटी जो हर वर्ग के छोटे बड़े लोगों को औरत आदमियों को पहनाई गई। लोगों ने यह पहन कर बड़ा खुशी का इजहार किया और ध न्यवाद दिया व प्रसन्न हुए। वर्क के कार्यकर्ताओं ने कहा कि हम सबको इस प्रकार के कार्य करते रहना चाहिए जिस वक्त जैसी जरूरत समाज को देश के लोगों को हो हमें आगे बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए और हमे उसको समाज और देश हित में उनको पूरा करने का कार्य करते रहना चाहिए। इससे पूर्व वर्क के कार्यकर्ताओं ने मालदेवता में सफाई अभियान चलाने का कार्य किया और जगह जगह पड़ी गंदगी कागज पेपरों व गन्दगी को सफाई करने का कार्य किया। वर्क के कार्यकर्ताओं ने कहा कि ऐसे करते रहने से देश का हित होता है मन को शांति मिलती है और समाज में शांति और सुख की शुरुआत होती है ऐसा ही करने से भारत में एकता मोहब्बत का संचार होगा भारत विश्व गुरु बनेगा और एकता पैदा होगी ऐसे कार्य होते रहना ही सतयुग आने की शुरुआत है। इस कार्य में वर्क के दानिश अफजल, मोहम्मद फैजान, मोहम्मद फरमान, फर्रूख रशीद, हुस्ने मुबारक, इलियास कुरेशी आदि लोगों ने भाग लिया।

# संदिग्ध हालत में मौत, हत्या का मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। संदिग्ध अवस्था में व्यक्ति की मौत पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिजनौर निवासी मनोहर सिंह ने पटेलनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसका बड़ा भाई छोटू (मृतक) और उसकी पत्नी शीतल व तीन बच्चे सहित कई वर्षो से देहरादून में निवास कर रहे है उसका भाई छोटू जिसका मृत्यु से पहले एक व्यक्ति जिसका नाम धनंजय कुमार गौतम पुत्र भीमराम निवासी लिलारी भरोली, जिला मऊ, ब्लाक कोशागंज, तहसील मऊ, थाना कोशागंज से झगड़ा हो गया था, इस झगड़े में उपरोक्त व्यक्ति ने उसके भाई छोटू और उसकी भाभी शीतल को जान से मारने की धमकी भी दी थी। इस वारदात के पश्चात अगले ही दिन इस व्यक्ति ने उसके भाई व भाभी से माफी भी मांग ली थी। 14 जून 2023 को उसकी माता ने उसके भाई छोटू को सुबह लगभग ग्यारह बजे फोन किया कि कहां हो, तो उसके भाई छोटू (मृतक) ने फोन पर बताया कि वह अंकल धनंजय कुमार गौतम के साथ है, फिर जब शाम बीत गई, तब उसकी भाभी शीतल ने अपने पति को फोन पर सम्पर्क किया फोन की घण्टी बजने के कुछ देर पश्चात उसका फोन स्वीच ऑफ हो गया, जिससे वह पूरी रात काफी परेशान रही तथा अगले दिन 15 जून 2023 को देहरादून लगभग पांच बजे पहुंच गई। देहरादून पहुंचते ही उसकी भाभी सबसे पहले उपरोक्त धनंजय कुमार गौतम के कमरे स्थित नियर इन्द्रेश अस्पताल के पास टपरी पर पहुंची तो वहां पहुंचते ही उसकी भाभी ने देखा कि उसका पति छोटू उसके कमरे पर बेसुध अवस्था में पड़ा है, जिसके शरीर पर जले हुए के निशान भी थे तथा वहां पर धनंजय कुमार गौतम भी मौजूद था। यह सबकुछ देखकर उसकी भाभी चिल्लाई जिससे आस-पास के लोग वहां एकत्रित हो गये तथा एक डक्टर को भी बुलाया, तब उस डक्टर ने उसके भाई को देखकर बताया कि आप इन्हें हस्पिटल लेकर चले जाओ, तब उसकी भाभी अपनी पति को इन्द्रेश अस्पताल में लेकर पहुंची, जहां पर उसे मौजूद डाक्टर ने मृत बता दिया। उसको शक है कि उसके भाई की हत्या धनंजय सिंह ने ही की है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# जगन मोहन पर भी शुरू हुआ हमला!



भारतीय जनता पार्टी ने आखिरकार आंध्र प्रदेश में सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस और मुख्यमंत्री जगन मोहन रेड्डी पर हमला शुरू किया है। अभी तक जगन का पूरा सद्भाव केंद्र सरकार के प्रति था और भाजपा भी सद्भाव दिखाती थी। भाजपा की प्रदेश कमेटी के नेता कुछ हमले करते थे लेकिन राष्ट्रीय नेता उनके बारे में कुछ भी निगेटिव नहीं बोलते थे। वे भी हर मुद्दे पर केंद्र में भाजपा सरकार का साथ देते थे। लेकिन जैसे जैसे चुनाव नजदीक आ रहा है और राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी टीडीपी के साथ भाजपा के तालमेल की बातें आगे बढ़ रही हैं वैसे वैसे भाजपा का नजरिया बदल रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को चेन्नई के बाद आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में एक सभा को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने जगन मोहन की सरकार पर जम कर हमला बोला।

शाह ने कहा कि जगन मोहन की सरकार ने राज्य में कुछ काम नहीं किया है सिवाए भ्रष्टाचार के। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मोदी सरकार जो पैसा भेजती है, जगन का काडर उसे लूट लेता है। शाह ने यह भी कहा कि जगन अपने को किसानों का हितैषी बताते हैं लेकिन उनको शर्म आनी चाहिए कि उनके राज्य में बड़ी संख्या में किसान आत्महत्या कर रहे हैं।

बाद में जगन की पार्टी के नेता और सांसद विजयसाई रेड्डी ने पलटवार करते हुए कहा कि केंद्र सरकार ने आंध्र को विशेष राज्य का दर्जा देने का वादा किया था लेकिन वह वादा पूरा नहीं किया। दोनों पार्टियों में यह आरोप प्रत्यारोप इसलिए शुरू हुआ है क्योंकि अगले साल मई में लोकसभा के साथ ही विधानसभा का चुनाव है और उससे पहले भाजपा अपनी पुरानी सहयोगी टीडीपी से तालमेल करने जा रही है। कुछ दिन पहले टीडीपी नेता चंद्रबाबू नायडू ने दिल्ली में अमित शाह और जेपी नड्डा से मुलाकात की थी। (आरएनएस)

# आप के नेता बंगले के लिए लड़ रहे

आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा अपना बंगला बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। वे उस पार्टी के नेता हैं, जिसने अपने गठन के समय ऐलान किया था कि उसके नेता सरकारी बंगला नहीं लेंगे, बड़ी गाड़ियों में नहीं चलेंगे, सुरक्षा नहीं लेंगे, आम लोगों की तरह रहेंगे लेकिन पार्टी के सर्वोच्च नेता अरविंद केजरीवाल ने न सिर्फ बंगला लिया, बल्कि पुराने बंगले को तोड़ कर करीब 50 करोड़ रुपए की लागत से नया बंगला बनवा लिया। उनके घर पर 30 से ज्यादा सेवक काम करते हैं और वे आधा दर्जन गाड़ियों के काफिले से चलते हैं। उनको दो राज्यों से सुरक्षा मिली हुई है। उन्हीं के रास्ते पर चलते हुए उनकी पार्टी के युवा सांसद बड़े बंगले के लिए कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने बहुत अनुरोध करके एक बड़ा बंगला लिया था और अब उसे बचाने के लिए लड़ रहे हैं।

राघव चड्ढा को टाइप सात का बंगला मिला था। यह बंगला उन्हें अपने आप नहीं मिला था। वे राज्यसभा के सभापति जगदीप धनकड़ से मिले थे और बड़ा बंगला देने का अनुरोध किया था, जिसे मान लिया गया गया था। उनको पंडारा रोड पर एबी-5 बंगला मिल गया था। इस तरह के बंगले पूर्व केंद्रीय मंत्रियों, पूर्व राज्यपालों और पूर्व मुख्यमंत्रियों को मिलते हैं, जबकि चड्ढा पहली बार के सांसद हैं। इससे पहले वे एक बार विधायक रहे हैं। इस आधार पर वे अपने को टाइप सात बंगले के योग्य मान रहे हैं। जब उनको बंगला खाली करने का नोटिस मिला तो वे अदालत में पहुंच गए और अदालत ने बंगला खाली कराने के आदेश पर रोक लगा दी।

राज्यसभा आवास समिति के चेयरमैन सीएम रमेश का कहना है कि भाजपा सांसद राधामोहन दास को भी टाइप सात का बंगला दिया गया था, लेकिन उनको टाइप पांच के बंगले में भेज दिया गया है। उन्होंने कहा कि पिछली कमेटी की ओर से किए गए आवंटन में बदलाव किया गया है और जो जिस योग्य है वह बंगला उसको दिया जा रहा है। लेकिन जल्दी ही शादी करने जा रहे राघव चड्ढा किसी हाल में टाइप सात का बंगला नहीं छोड़ना चाहते।(आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# चेहरे पर चाहिए नेचुरल निखार तो सिर्फ नींबू से बन जाएगा आपका काम



सुंदर दिखने की चाहत हर महिला को होती है।ऐसे में महिलाएं अक्सर चेहरे की खूबसूरती निखारने के लिए ब्यूटी पार्लर जाती हैं। जहां मोटे पैसे भी लगते हैं और केमिकल युक्त प्रोडक्ट इस्तेमाल करने से साइड इफेक्ट भी होता है। वही पार्लर जाना हर किसी के लिए पॉसिबल भी नहीं होता। ऐसे में हम आपको एक बहुत ही पुराना और आजमाया हुआ नुस्खा बता रहे हैं जिसके इस्तेमाल से आप बेदाग और निखरी हुई त्वचा पा सकते हैं।नींबू में विटामिन सी की मात्रा पाई जाती है, जो चेहरे का ग्लो बढ़ाने के लिए जाना जाता है। आप घर में नींबू की मदद से स्क्रबिंग, मसाज सब कुछ लगा सकते हैं।कुल मिलाकर आपका बढ़िया क्लीनअप हो सकता है।आइए जानते हैं क्या है पूरा तरीका।

स्क्रबिंग-बेदाग और साफ त्वचा के लिए चेहरे की स्क्रबिंग करना बहुत जरूरी होता है। आप नींबू के इस्तेमाल से स्क्रबिंग कर सकते हैं। इससे चेहरे की डीप क्लीनिंग होने में मदद मिलेगी। इसके लिए आप एक कटोरी में एक नींबू का रस निचोड़ लें। इसमें एक चम्मच शहद और एक चम्मच चीनी मिलाकर मिश्रण को चेहरे पर लगाएं। 5 मिनट तक चेहरे पर हल्के हाथों से स्क्रब करें 10 मिनट के बाद चेहरे को पानी से धो ले।

मसाज -स्क्रबिंग के बाद आपके चेहरे को पैंपर की जरूरत होती है। इसके लिए आप नींबू की मदद से ही चेहरे की मसाज करें। इसके लिए एक कटोरी में एक चम्मच नींबू का रस दो चम्मच ऐलोवेरा जेल डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इसे अपने चेहरे पर 5 से 10 मिनट तक सर्कुलेशन मोशन में मसाज करें। इससे चेहरे का ब्लड सर्कुलेशन अच्छा होगा। त्वचा में निखार भी आएगा और आपकी त्वचा हाइड्रेट भी होगी।ड्राई स्किन की समस्या से छुटकारा मिलेगा

फेस पैक-अब सबसे आखिर में बारी आती है मसाज की।।। आप नींबू और बेसन का फेस पैक लगाकर चेहरे की रंगत सुधार सकते हैं। इसके लिए एक कटोरी में दो चम्मच बेसन एक चम्मच नींबू का रस, एलोवेरा जेल डालकर अच्छी तरह से मिक्स करें। इस पैक को अपने चेहरे पर 15 मिनट लगा कर रखें। जब यह पैक सुख जाए तो आप इसे सादे पानी से साफ कर लें।

# खाएं मुट्ठी भर नट्स, अच्छा रहेगा दिल



हफ्ते में तीन बार मुट्ठी भर बादाम, अखरोट खाने से दिल की धड़कन अनियंत्रित होने का खतरा 18 फीसदी तक कम हो जाता है। स्वीडन के 60 हजार लोगों के दिल की सेहत पर 17 साल तक अध्ययन के बाद इस नतीजे पर पहुंचे हैं। दिल की सेहत उम्र बढ़ने के साथ लोगों के लिए चिंता का सबब बन जाती है। एक नए अध्ययन में विशेषज्ञों का कहना है कि एट्रियल फाइब्रिलेशन यानि दिल की धड़कन अनियंत्रित होने की समस्या में नट्स का नियमित सेवन आराम पहुंचाने वाला हो सकता है। यह हार्ट स्ट्रोक होन की अहम वजह होता है।

शोध के दौरान विशेषज्ञों ने यह भी देखा कि सीमित मात्रा में नट्स खाने से हार्ट फेल होने का खतरा भी कम हो जाता है। स्वीडन के कैरोलिंस्का इंस्टीट्यूट में हुए इस शोध में कहा गया है कि नट्स का सेवन हार्ट अटैक और स्ट्रोक के खतरे को कम करता है। हालांकि इस अध्ययन की एक खास बात यह थी कि इसमें शामिल सभी प्रतिभागी युवा और शारीरिक तौर पर सक्रिय थे। इनका वजन नियंत्रित था और यह कम मात्रा में शराब का सेवन करते थे।

## शब्द सामर्थ्य -056

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं :**

1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरैया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**

1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | 4 | ■ | ■ |
| | ■ | 5 | | ■ | 6 | | 7 | ■ |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | | ■ | 11 | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | ■ | ■ |
| ■ | 15 | | | ■ | ■ | 16 | 17 | |
| ■ | 18 | | ■ | 19 | | | | ■ |
| ■ | ■ | ■ | 20 | | ■ | 21 | | ■ |
| ■ | 22 | | | | | | ■ | 23 |
| 24 | | ■ | 25 | | ■ | ■ | 26 | |

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 55 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स्वा | द | ■ | सा | म | ना | ■ | कै | दी |
| व | ■ | ख | ल | ना | य | क | ■ | वा |
| लं | प | ट | ■ | ना | क | क | ट | ना |
| बी | ■ | प | ■ | ■ | ■ | ड़ी | ■ | प |
| ■ | अ | ट | प | टा | ■ | ■ | शा | न |
| स | ह | ■ | यो | ■ | ■ | र | ति | ■ |
| ह | म | ■ | द | र | ब | द | र | ■ |
| म | क | र | ■ | सी | ल | ■ | ■ | ■ |
| त | ■ | क्षा | ■ | द | वा | खा | ना | ■ |

# शेरनी कहने पर शर्लिन चोपड़ा ने फैंस को दिया धन्यवाद

शर्लिन चोपड़ा ने हाल ही में अपना रैप सॉन्ग ये करते हैं जज रिलीज किया और इसके लॉन्च के मौके पर उन्होंने अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया, जो उन्हें शेरनी कहते हैं। गाने के जरिए एक्ट्रेस ने इंडस्ट्री में अब तक के अपने सफर के बारे में बताया है।

अपने सॉन्ग लॉन्च के मौके पर उन्होंने एक्सक्लूसिव तौर पर इसके बारे में बात की और कहा, मेरा रैप सॉन्ग ये करते हैं जज इंडस्ट्री में मेरी अपनी यात्रा है। आज मैं जो कुछ भी हूं अपनी यात्रा की वजह से हूं। पहले मैं डरती थी, दूसरों की राय सोचती थी लेकिन आज मेरे चाहने वाले और शुभचिंतक मुझे शेरनी कहते हैं। आज मैं बिना किसी डर के हर बात पर अपनी राय देती हूं और ये हिम्मत मुझे अपने सफर से मिली है।

उन्होंने आगे कहा, मैं उन सभी का शुक्रिया अदा करना चाहती हूं जिन्होंने मेरे साथ बुरा व्यवहार किया, जिन्होंने मुझे परेशान किया। उन्हीं की वजह से मैं अपने सफर में यहां तक आई हूं और आज यहां तक पहुंची हूं। गाने को उनके फैंस का अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। इसके बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, अगर गाने में वास्तविकता नहीं होती, तो कोई भी इससे जुड़ नहीं पाता। लोग इससे जुड़ रहे हैं क्योंकि आज की दुनिया में हर किसी को जज किया जाता है। हमें हमारे कपड़ों, हमारे पैसे, हमारे धर्म और हमारी जाति से जज किया जाता हैं। अपनी भविष्य की योजनाओं के बारे में बात करते हुए शर्लिन ने कहा, मैं आज बहुत खुश हूं क्योंकि मेरे पास फैंस का सपोर्ट है, जो मेरे काम से प्यार करते हैं और जो मुझसे अक्सर नए गाने रिलीज करने के लिए कहते हैं। इसलिए मैं अपने फैंस से वादा करती हूं कि मैं जुलाई-अगस्त तक एक और गाने के साथ वापस आऊंगी। अगला गाना इससे ज्यादा धमालदार होगा।

# लस्ट स्टोरीज 2 का ट्रेलर जारी, 29 जून नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज

साल 2018 में आई 4 शॉर्ट फिल्मों की सीरीज लस्ट स्टोरीज को दर्शकों की ओर से काफी प्यार मिला था। इसका दूसरा सीजन पिछले लंबे वक्त से चर्चा में हैं। जहां मंगलवार को फिल्म के 4 अलग-अलग पोस्टर सामने आए थे, वहीं अब निर्माताओं ने 21 जून को लस्ट स्टोरी 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो पहले सीजन से अधिक दिलचस्प लग रहा है।

लस्ट स्टोरीज 2 में भी पहले भाग की तरह 4 कहानी दिखाई जाएंगी। लस्ट स्टोरीज 2 में अमृता सुभाष, अंगद बेदी, काजोल, कुमुद मिश्रा, मृणाल ठाकुर, नीना गुप्ता, तमन्ना भाटिया, तिलोत्तमा शोम और विजय वर्मा जैसे कलाकार हैं। इसका निर्देशन अमित रविंदरनाथ शर्मा, कोंकणा सेन शर्मा, आर. बाल्की और सुजॉय घोष ने किया है। लस्ट स्टोरीज 2 का प्रीमियर 29 जून से नेटफ्लिक्स पर किया जाएगा। बता दें, लस्ट स्टोरी में 4 अलग-अलग कहानियां दिखाई गई थीं। इसमें राधिका आप्टे, भूमि पेडनेकर और नील भोपालम, कियारा आडवाणी और विक्की कौशल जैसे कलाकार थे।

# अपने रोल से परेशान हो गई थीं आयशा सिंह, बोलीं- अच्छा है खत्म हो गया...

स्टार प्लस के धमाकेदार शो गुम है किसी के प्यार में ने लोगों का दिल जीतने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। शो में आए दिन ऐसे-ऐसे ट्विस्ट और टर्न्स आ रहे हैं, जिसने लोगों के दिमाग को हिलाकर रख दिया है।

बता दें कि कुछ ही दिनों में आयशा सिंह सहित गुम है किसी के प्यार में के नौ किरदार खत्म कर दिये जाएंगे, जिसमें विराट से लेकर सत्या का रोल भी शामिल है। लेकिन जहां फैंस को सई के किरदार के खत्म होने का दुख है तो वहीं एक्ट्रेस इस बात से खुश हैं। आयशा सिंह का कहना है कि किसी रोल के गलत दिशा में जाने से बेहतर है कि वह खत्म हो जाए। आयशा सिंह ने इस बात को लेकर इंटरव्यू दिया था। उनकी बातों से माना जा रहा है कि वह अपने रोल से जरा भी खुश नहीं थीं। आयशा सिंह ने इस सिलसिले में कहा, जब मुझे पहली बार इस बारे में पता चला तो मैं असमंजस में पड़ गई थी। पिछले कुछ एपिसोड में, मैं ये समझ ही नहीं पा रही थी कि ट्रैक किस दिशा में जा रहा है। क्योंकि सई ऐसे-ऐसे फैसले ले रही थी जो उसके किरदार के बिल्कुल उलट थे।

सई एक समझदार और बहादुर लड़की है, वो ऐसी चीजें बिल्कुल नहीं कहती जो पिछले कुछ दिनों में गुम है किसी के प्यार में में दिखाई गई हैं। आयशा सिंह ने इस सिलसिले में आगे कहा, तो कहीं न कहीं मुझे भी यह एहसास हुआ कि मेरे किरदार को खत्म हो ही जाना चाहिए। क्योंकि कहानी के किसी पात्र का गलत दिशा में जाने से बेहतर है कि उसे खत्म कर दिया जाए। तो मैं इस बात से खुश थी कि शो में लीप आएगा, क्योंकि एक नई कहानी इंतजार कर रही है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में सई का अंदाज देख दर्शक भी परेशान हो गए थे। दरअसल, सई उस विराट के पीछे जा रही थी, जिसने उसके बच्चे को छीनने की कोशिश की थी। इस बात के लिए दर्शकों ने सई को जमकर निशाना भी बनाया था। इतना ही नहीं, लोगों ने मेकर्स की भी जमकर क्लास लगाई थी।

# रॉकी और रानी की प्रेम कहानी फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी



बॉलीवुड के मशहूर एक्टर रणवीर सिंह और एक्ट्रेस आलिया भट्ट जल्द ही फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में नजर आने वाले हैं। फिल्म को लेकर करण जौहर खूब एक्साइटेड हैं। वह आए दिन रॉकी और रानी की प्रेम कहानी से जुड़ी चीजें साझा करते हैं। चंद मिनट पहले करण जौहर ने अपने सोशल मीडिया हैंडल से आलिया भट्ट और रणवीर सिंह की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का पोस्टर शेयर किया है, जिसने आते ही फैंस की एक्साइटमेंट को सातवें आसमान पर पहुंचा दिया है। इसके साथ ही करण जौहर ने टीजर की रिलीज डेट भी साझा की है।

रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह का लुक देखने लायक रहा। जहां आलिया भट्ट रेड साड़ी में नोज पिन पहने बेहद प्यारी लगीं। बता दें कि फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इस पोस्टर को शेयर करते हुए करण जौहर ने लिखा, प्यार के दौरान की बस केवल शुरुआत हुई है। रॉकी और रानी की प्रेम कहानी का टीजर पिछले दिनों रिलीज हो गया है। फिल्म 28 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

बता दें कि रॉकी और रानी की प्रेम कहानी में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह के अलावा धर्मेंद्र, जया बच्चन और शबाना आजमी भी मुख्य भूमिका अदा करेंगे। फिल्म की बात करें तो इसे करण जौहर ने डायरेक्ट किया है। इस मूवी के जरिए करण जौहर ने लंबे समय बाद डायरेक्शन में अपना हाथ आजमाया है, ऐसे में रॉकी और रानी की प्रेम कहानी उनके दिल के और भी करीब है।

# गुज्जू पताका गाने पर कार्तिक आर्यन ने किया स्टेज तोड़ डांस



कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की फिल्म सत्यप्रेम की कथा में अपनी धमाकेदार केमिस्ट्री से एक बार फिर सबका दिल जीत लेने के लिए तैयार हैं। जब से फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है तब से फैन्स फिल्म की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हाल ही में, मेकर्स ने आज के बाद और नसीब से, नाम दो रोमांटिक गाने रिलीज़ किए जो पहले ही चार्टबस्टर बन चुके हैं, और अब यह गुज्जू पताका नाम का गाना फिल्म के तीसरे गाना है। इस गाने में कार्तिक आर्यन को स्टेज तोड़ डांस करते हुए देखा जाएगा, जो कार्तिक ने पहले कभी नहीं किया। यह गाने आपको डांस फ्लोर पर आने के लिए मजबूर कर देगा।

इस गाने में कार्तिक आर्यन दूल्हे के चार अलग-अलग गेट-अप में नज़र आते हैं, जो कार्तिक को देखने के लिए आपको एक्साइटेड करता है। जैसा कि गुज्जू पताका के टीज़र ने दर्शकों को सभी दुल्हे की एंट्री वाइब्स से एन्ट्रो कराया. कार्तिक आर्यन को उनके जबरदस्त डांस मूव्स के साथ स्वैग के साथ देखना सबके लिए अवेटेड है. सत्यप्रेम की कथा का एक और चार्टबस्टर गाना आने वाला है. जो साजिद नाडियाडवाला और नमह पिक्चर्स प्रोडक्शन की तरफ से की गई है. इस गाने में चार शादियों के भव्य सेटअप दिखाया गया है.

इस गाने में कार्तिक आर्यन दूल्हे के चार अलग-अलग गेट-अप में नज़र आते हैं, जो कार्तिक को देखने के लिए आपको एक्साइटेड करता है. जैसा कि गुज्जू पताका के टीज़र ने दर्शकों को सभी दुल्हे की एंट्री वाइब्स से एन्ट्रो कराया. कार्तिक आर्यन को उनके जबरदस्त डांस मूव्स के साथ स्वैग के साथ देखना सबके लिए अवेटेड है. सत्यप्रेम की कथा का एक और चार्टबस्टर गाना आने वाला है. जो साजिद नाडियाडवाला और नमह पिक्चर्स प्रोडक्शन की तरफ से की गई है. (आरएनएस)

# बॉडी हगिंग ड्रेस में शमा सिकंदर ने कराया हॉट फोटोशूट



टीवी एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने एक बार फिर से अपनी ग्लैमरस अदाओं से सोशल मीडिया का पारा हाई कर दिया है। इन तस्वीरों में उनका सेक्सी अंदाज इंटरनेट पर सनसनी मचा रहा है। हाल ही में एक्ट्रेस ने व्हाइट कलर की शॉर्ट ड्रेस पहनकर बेहद ही बोल्ड फोटोशूट करवाया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस देख कर फैंस का दिल मचल गया है। एक्ट्रेस शमा सिकंदर हमेशा अपने बोल्ड लुक्स के कारण सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में रहती हैं। शमा सिकंदर का हर दिन नया लुक देखने को मिल रहा है। उनके हर एक लुक्स पर फैंस अपना दिल हार गए हैं। हाल ही में एक्ट्रेस शमा सिकंदर ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टा पर शेयर कर इंटरनेट पर तहलका मचा दिया है। इन तस्वीरों में उनकी हॉटनेस भरी अदाएं देखकर फैंस पानी-पानी हो गए हैं। साथ ही एक झलक पाने के लिए बेताब भी रहते हैं।

शमा सिकंदर ने अपनी इन तस्वीरों में व्हाइट कलर की बॉडी हगिंग ड्रेस पहनी हुई है, जिसमें वो बेहद हॉट लग रही हैं। अपने आउटलुक को कंप्लीट करने के लिए एक्ट्रेस ने मिनिमल मेकअप और साथ ही न्यूड मेकअप किया है। शमा सिकंदर ने अपनी इन तस्वीरों में मैचिंग के लॉन्ग गलव्स कैरी किए हैं। इस रिवीलिंग ड्रेस में वो बेहद ही शानदार लग रही हैं। बताते चलें कि शमा सिकंदर 41 साल की हो चुकी हैं।

# डाटा लीक की हकीकत क्या है ?

अजीत द्विवेदी

आज के डिजिटल जमाने में डाटा लीक होना, सुरक्षित से सुरक्षित सर्वर का हैक हो जाना या पोर्टल में घुसपैठ होना कोई नई या बड़ी बात नहीं है। दुनिया के सबसे विकसित डिजिटल सुरक्षा वाले देशों में भी ऐसा होता रहा है। यह हकीकत है कि सुरक्षा प्रबंधन का काम देखने वाले तकनीकी विशेषज्ञ और हैकर्स में तू डाल डाल, मैं पात पात वाला खेल चल रहा है। सुरक्षा के विशेषज्ञ एक फायरवाल तैयार करते हैं और हैकर्स उसमें सेंध लगाने के रास्ते तलाशते हैं। यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है। इसमें कुछ भी स्थायी नहीं है। अगर कोई सरकार या संस्थान यह समझ रहा है कि उसने एक फुलप्रूफ व्यवस्था बना ली है तो यह उसका भ्रम है। तभी जब भारत सरकार के कोविन पोर्टल से नागरिकों का डाटा लीक होने की खबर आई तो उस पर सरकार की प्रतिक्रिया हैरान करने वाली थी। भारत सरकार के गृह मंत्रालय से लेकर सूचना व प्रौद्योगिकी और स्वास्थ्य मंत्रालय ने पहली प्रतिक्रिया में कहा कि ऐसा नहीं हुआ हो सकता है। यह असंभव है। कोविन पोर्टल से डाटा लीक हो ही नहीं सकता है। यह बहुत हास्यास्पद प्रतिक्रिया है।

सरकार कह रही है कि डाटा लीक नहीं हुआ है और पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित है। यहां तक कहा गया कि कोरोना की वैक्सीन लगवाने वाले लोगों का डाटा कोविन पोर्टल से लीक होने की खबरें 'निराधार और शरारतपूर्ण' हैं। इसके बावजूद सरकार ने इंडियन कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम को इसकी जांच के आदेश दे दिए। अब सवाल है कि डाटा लीक की खबर को 'निराधार और शरारतपूर्ण' बताने के निष्कर्ष पर सरकार किस जांच के आधार पर पहुंची? और जब इस निष्कर्ष पर पहुंच गई तो फिर अब आगे इसकी कौन सी जांच होगी? जाहिर है सरकार ने कोई जांच कराए बगैर अपना निष्कर्ष पहले जारी कर दिया और जांच के आदेश उसके बाद दिए। सो, अंदाजा लगाया जा सकता है कि जांच में क्या नतीजा निकलेगा? जो भी जांच होगी वह अंत में सरकार के निष्कर्ष की ही पुष्टि करेगी। यह तो नहीं हो सकता है कि कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पांस टीम तीन मंत्रालयों से अलग हट कर रिपोर्ट दे कि डाटा चोरी हुआ है!




सरकार की प्रतिक्रिया में इतने विरोधाभास हैं कि उससे संदेह और गहरा हो जाता है। एक तो निष्कर्ष पर पहुंचने के बाद जांच के आदेश देना और दूसरे सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्रालय का यह कहना चिंता और संदेह पैदा करता है कि अभी जो डाटा टेलीग्राम के बॉट अकाउंट से लीक हुआ है और शेयर किया जा रहा है वह पहले चोरी हुए डाटा का हिस्सा हो सकता है। इसका मतलब है कि पहले कोविन पोर्टल या आधार का डाटा चोरी हो चुका है। इसलिए सरकार को बताना चाहिए कि कब इनके पोर्टल में सेंध लगी थी? उस समय कितने लोगों का डाटा चोरी हुआ और उसके बाद फिर चोरी न हो, पोर्टल में सेंध न लगे इसके लिए सरकार ने क्या नए बंदोबस्त किए? इससे पहले 2021 और 2022 में भी कोविन पोर्टल से डाटा चोरी होने की खबरें आई थीं लेकिन तब भी सरकार ने बहुत साफ शब्दों में इन खबरों को खारिज किया था और कहा था कि कोई डाटा चोरी नहीं हुआ, पोर्टल पूरी तरह से सुरक्षित है। अब सरकार खुद कह रही है कि पहले चोरी किया हुआ डाटा शेयर किया जा रहा है।

यहां यह भी कंफ्यूजन है कि पहले जो डाटा चोरी हुआ था वह आधार का था या कोविन पोर्टल का था? ध्यान रहे 2018 में तब के सूचना व प्रौद्योगिकी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने संसद में कहा था कि आधार का डाटा किसी हाल में चोरी नहीं हो सकता है। उन्होंने कहा कि अरबों बार कोई प्रयास करे तब भी डाटा नहीं चुरा सकता है। मौजूदा आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री भी हैं और हाल में बालासोर में हुई भीषण ट्रेन दुर्घटना में उनका बचाव इस आधार पर किया गया कि वे आईआईटी से पढ़े हैं और आईएएस बने थे। उनके मंत्रालय की ओर से कहा गया है कि पहले चोरी हुआ डाटा शेयर किया जा रहा है। इसका मतलब उनका मंत्रालय पिछले मंत्री पर ठीकरा फोड़ रहा है। हालांकि जो डाटा शेयर किया जा रहा है वह आधार का डाटा नहीं है, बल्कि कोविन पोर्टल का डाटा है। इसमें उन लोगों के डिटेल शेयर किए जा रहे हैं, जिन्होंने कोरोना की वैक्सीन लगवाई है। इसमें आधार नंबर के साथ साथ वैक्सीनेशन की तारीख और जगह भी बताया जा रहा है। तभी जाहिर है यह डाटा बहुत पुराना नहीं है, बल्कि जनवरी 2021 के बाद का है, जब भारत में वैक्सीनेशन की शुरुआत हुई थी। वैसे भी यह जिम्मेदारी से पीछा छुड़ाने या दूसरे पर ठीकरा फोड़ने का मामला नहीं है। यह बहुत चिंताजनक घटना है।

पहले तो भारत सरकार ने हर नागरिक को आधार नंबर लेने के लिए मजबूर किया। उसमें हर व्यक्ति का एक एक डाटा लिया गया। उंगलियों के निशान से लेकर आंखों के पुतलियों तक को स्कैन करके कंप्यूटर में रखा गया। फोन नंबर से लेकर घर का पता उसमें दर्ज हुआ। उसके बाद सरकार ने आधार नंबर को बैंक खातों से जोड़ने के लिए हर व्यक्ति को मजबूर किया। आधार नंबर और पैन कार्ड को लिंक कराया गया और आधार नंबर को आयकर रिटर्न के साथ भी जोड़ा गया। इसके बाद जब वैक्सीनेशन की प्रक्रिया शुरू हुई तो आधार और मोबाइल नंबर के जरिए ही उसका रजिस्ट्रेशन शुरू हुआ। अब सोचें, अगर किसी व्यक्ति का आधार और मोबाइल नंबर लीक होकर हैकर या ऑनलाइन फ्रॉड करने वालों के हाथ में पहुंच जाए तो क्या नुकसान हो सकता है? वैसे भी भारत में डाटा सुरक्षा का पुख्ता कानून नहीं है और हजारों करोड़ रुपए का क्रेडिट कार्ड या ऑनलाइन बैंकिंग फ्रॉड हर साल होता है। लोगों के खातों से पैसे गायब हो जाते हैं। अगर डाटा लीक होने की खबर सही है तो अब किसी हैकर को अलग से किसी के खाते में सेंध लगाने के लिए मेहनत करने की जरूरत नहीं होगी। उसे ऑनलाइन डाटा उपलब्ध है, जिसका इस्तेमाल करके वह करोड़ों लोगों को चूना लगा सकता है।

सरकार का कहना है कि कोविन पोर्टल से डाटा हासिल करने के तीन तरीके हैं। पहला तरीका यूजर्स के लिए है, जो ओटीपी के जरिए डाटा हासिल कर सकते हैं। दूसरा तरीका वैक्सीनेटर यानी वैक्सीन लगाने वाले के लिए है, जो ऑथोराइजेशन के जरिए डाटा हासिल कर सकता है। तीसरा तरीका थर्ड पार्टी ऐप के लिए है और उसे भी ऑथोराइजेशन के जरिए ही डाटा हासिल होगा। अब सवाल है कि इनमें से किस तरीके का इस्तेमाल करके टेलीग्राम के बॉट अकाउंट ने कोविन पोर्टल का डाटा हासिल किया? इसकी गंभीरता से जांच करानी चाहिए। शुतुरमुर्ग की तरह गर्दन रेत में गाड़ने से काम नहीं चलेगा। पिछले छह महीने में दिल्ली के अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान यानी एम्स का सर्वर दो बार हैक हो चुका है। कई दिनों तक सर्वर डाउन रहा और हजारों मरीजों का डाटा चोरी हुआ है। सरकार ने इसे स्वीकार भी किया है। इसलिए कोविन पोर्टल से डाटा लीक होने के मामले में बिना जांच के ही इनकार की मुद्रा अख्तियार कर लेना एक गलत प्रवृत्ति का इशारा है। यह अच्छी बात है कि सरकार ने नेशनल डाटा गवर्नेंस पॉलिसी का मसौदा तैयार कराया है, जिसमें सभी सरकारी डाटा के स्टोरेज, एक्सेस और सिक्योरिटी का एक साझा फ्रेमवर्क तैयार किया गया है। इसे जल्दी लागू किया जाए और डाटा सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सुरक्षा उपायों की नियमित समीक्षा की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों। साथ ही जो डाटा चोरी हुआ है उसका दुरुपयोग न हो, यह भी सुनिश्चित करने का प्रयास सरकार को करना चाहिए।

## कठघरे में रिजर्व बैंक !

बेहतर होता अपने स्पष्टीकरण में इस पहलू पर तथ्यात्मक सूचना आरबीआई देता। लेकिन सरल भाषा में लोगों से कहा गया है कि वे सार्वजनिक चर्चाओं पर नहीं, बल्कि उसकी बात पर यकीन करें।

हाल में आई दो खबरों ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को संदेह के कठघरे में खड़ा कर दिया है। एक खबर यह है कि आरबीआई ने बैंकों को उन डिफॉल्टरों से समझौता कर मामला निपटाने का अधिकार दे दिया है, जिन्होंने जानबूझ कर ऋण नहीं चुकाया। इनमें ऐसे भी कई मामले होंगे, जिनमें कर्ज लेने वाली रसूखदार शख्सियत ने उसे ना लौटने के इरादे से ही ऋण लिया होगा। अब बैंक ऐसे कर्जदारों का मामला उनसे बातचीत से निपटा सकेंगे। जाहिर है, उन लोगों पर बकाया दिखने वाली के रकम को माफ भी किया जा सकेगा। एक मीडिया रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि इस फैसले का परिणाम निकट भविष्य तीन लाख 46 हजार करोड़ रुपए की माफी के रूप में आ सकता है। क्या यह सीधे तौर पर बैंक धोखाधड़ी और वित्तीय अपराध को बढ़ावा देना नहीं होगा? यह कल्पना करना भी मुश्किल है कि किसी ऐसी व्यवस्था में, जहां कानून का राज सर्वोपरि हो, ऐसे फैसले लिए जा सकते हैं।

इसी तरह यह चौंकाने वाली खबर आई कि रिजर्व बैंक ने 500 रुपये के नोटों को जो छपाई करवाई थी, उनमें से 88 हजार करोड़ रुपये मूल्य के नोट गायब हैं। यह सूचना खुद रिजर्व बैंक ने आरटीआई अर्जी पर दी। लेकिन जब यह मामला सियासी हलकों और मीडिया में गरमाया, तो आरबीआई ने एक स्पष्टीकरण जारी कर कहा कि लोग ऐसी खबरों पर ध्यान ना दें और आरबीआई के इस आश्वासन पर भरोसा करें कि ऐसा कुछ नहीं हुआ है। प्रश्न यही है कि अगर कुछ नहीं हुआ है, तो आरबीआई ने आरटीआई अर्जी पर ऐसी जानकारी क्यों दी? बेहतर होता अपने स्पष्टीकरण में इस पहलू पर तथ्यात्मक सूचना आरबीआई देता। लेकिन सरल भाषा में लोगों से कहा गया है कि वे सार्वजनिक चर्चाओं पर नहीं, बल्कि उसकी बात पर यकीन करें। मगर आरबीआई को शायद यह ख्याल नहीं है कि उसने गुजरे वर्षों में अपनी साख को इतनी चोट पहुंचा दी है कि बहुत से लोग चाह कर भी ऐसा नहीं कर पाएंगे। इसलिए की उसकी छवि अब स्वतंत्र संस्था की नहीं, बल्कि सरकार से निर्देशित होने वाली संस्था की बन चुकी है। (आरएनएस)

# अन्न ही प्राण है

अजय दीक्षित

सीमित भौगोलिक क्षेत्र और दुनिया की सबसे बड़ी आबादी वाले देश को आने वाले समय के लिये अनाज के एक-एक दाने की रक्षा करनी होगी। वह भी ऐसे में जब किसान का खेती से मोहभंग हो रहा है। वहीं दूसरी ओर जब विकास कार्यों तथा आवासीय कारोबारी निर्माण के लिये बड़े पैमाने पर कृषि भूमि का उपयोग हो रहा है, भंडारण क्षमता बढ़ाना जरूरी हो जाता है। रूस - यूक्रेन युद्ध से बाधित हुई खाद्यान्न आपूर्ति श्रृंखला के चलते दुनिया के तमाम देश खाद्यान्न संकट से जूझ रहे हैं। सबसे बड़ी चुनौती यह है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते मौसम के मिजाज में आये अप्रत्याशित बदलाव से अनाज की गुणवत्ता और मात्रा पर असर होने लगा है। किसी संप्रभु राष्ट्र के लिये खाद्यान्न की आत्मनिर्भरता अपरिहार्य ही है। ऐसे में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा बुधवार को लिये गये उस फैसले की सराहना की जानी चाहिए, जिसमें सहकारी क्षेत्र में विश्व की सबसे बड़ी अनाज भंडारण योजना को मंजूरी दी गई है। जिसके अंतर्गत अन्नदाता के उत्पादों को बचाने के लिये ब्लॉक स्तर पर पांच सौ से दो हजार मीट्रिक टन क्षमता वाले गोदाम बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही योजना के क्रियान्वयन के लिये अंतर मंत्रालयी समिति के गठन को भी हरी झंडी मिली है। निश्चय ही यह देर से उठाया गया दुरुस्त कदम है। निश्चय ही देश में मौजूदा 1450 लाख टन की भंडारण क्षमता को पर्याप्त नहीं कहा जा सकता। यही वजह है कि अगले पांच सालों में 700 लाख टन भंडारण क्षमता और बढ़ाने का लक्ष्य रखा गया है। भारत दुनिया के सर्वाधिक अन्न उत्पादक देशों में गिना जाता है, लेकिन उसकी भंडारण क्षमता अन्य विकसित देशों के मुकाबले बेहद कम रही है। जिससे किसान को फसल तैयार होने के तुरंत बाद मंडियों में अनाज बेचने जाना पड़ता है। भण्डारण क्षमता न होने के कारण किसान को औने-पौने दामों में अपने उत्पाद बेचने पड़ते हैं। यही वजह है कि भरपूर फसल उत्पादन के बावजूद उसे घाटा उठाना पड़ता है क्योंकि

आपूर्ति बढने से उत्पादों के दाम गिर जाते हैं। वैसे शुरुआत में सहकारिता मंत्रालय देश के केंद्र शासित प्रदेशों व राज्यों के दस जिलों में इसकी पायलट योजना शुरू करेगा। जिससे हासिल अनुभव का लाभ शेप देश को दिया जा सकेगा, साथ ही योजना की खामियों को दूर किया जा सकेगा। केंद्रीय सहकारिता मंत्री की अध्यक्षता में एक अंतर मंत्रालयी समिति योजना के क्रियान्वयन की देखरेख करेगी। निश्चित रूप से इस योजना के क्रियान्वयन से हर साल बर्बाद होने वाला लाखों टन अनाज बचाया जा सकेगा। वह अनाज भी, जो आंधी तूफान व बारिश में मंडियों में बर्बाद होता रहा है। यदि किसान अनाज को गोदामों में रोकने की स्थिति में होगा तो वह बाजार की जरूरत के हिसाब से ऊंचे दामों में अपने उत्पाद बेच सकेगा। इतना ही नहीं, किसान गोदाम में रखे उत्पाद के मूल्य के सत्तर फीसदी के बराबर कर्ज लेकर अगली फसल की तैयारी भी कर सकेगा। विडंबना ही है कि इस लाभकारी योजना को नीति-नियंताओं की अदूरदर्शिता के चलते आजादी के सात दशक बाद क्रियान्वित किया जा रहा है। जरूरी है कि देश की अन्न भंडारण क्षमता उत्पादन से अधिक होनी चाहिए। कोरोना काल के सबक हमें याद रखने चाहिए कि इसके बाद के वर्षों में लगातार अस्सी करोड़ ? लोगों को मुफ्त अनाज तभी दिया जा सका क्योंकि हमारे देश में अनाज का पर्याप्त बफर स्टॉक था। ऐसी महामारियां भविष्य में आ सकती हैं, जिससे मुकाबले के लिये पर्याप्त अनाज भंडारण अनिवार्य है। निश्चित रूप से अब तक कुल उत्पादन की 47 फीसदी भंडारण क्षमता में इस योजना से पर्याप्त वृद्धि की जा सकेगी। उल्लेखनीय है कि इसके क्रियान्वयन के लिये कृषि और किसान कल्याण, उपभोक्ता मामले, खाद्य व सार्वजनिक वितरण, खाद्य प्रसंस्करण और उद्योग मंत्रालयों की विभिन्न योजनाओं को मिलाकर इस योजना को मूर्त रूप दिया गया है। जिससे निश्चित रूप से कृषि क्षेत्र में रोजगार के नये मौके पैदा होंगे ।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को आई.आर.डी.टी सभागार, सर्वे चौक देहरादून में 'मेरा बूथ सबसे मजबूत' वर्चुअल संवाद कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

## पत्नी पर जानलेवा हमला, बेटे ने कराया मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। पत्नी पर जानलेवा हमला करने वाले के खिलाफ उसी के बेटे ने मुकदमा दर्ज करा दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार माजरी माफी निवासी करन सिंह ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि गत दिवस सांय 6 बजे के आस-पास उसके पिताजी कैलाश सिंह रावत ने उसकी माताजी श्रीमती बीना देवी पर फ्राईपेन से आत्मघाती हमला किया जिससे उसकी माता के सिर मे काफी गंभीर चोटे आई है। यदि मकान मालिक व आस-पास के लोग बीच बचाव करने न आते तो उसकी मम्मी बीना देवी की मृत्यु भी हो सकती थी तथा जब वह अपने भाई के साथ घर पहुंचा तो देखा कि मम्मी खून से लतपत थी तथा बेहोश हालत मे थी। दोनो भाई मम्मी को तुरंत दून अस्पताल ले गए। जहा उनके सर पर 26-27 टांके आए है तथा इससे पहले उसकी मम्मी को शारिरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करता रहता था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## 15 पेटी देशी शराब सहित तस्कर गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। शराब तस्करी में लिप्त एक व्यक्ति को पुलिस ने 15 पेटी देशी शराब व तस्करी में प्रयुक्त कार सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना कनखल पुलिस को सूचना मिली कि क्षेत्र में कुछ शराब तस्कर अवैध शराब की डिलीवरी हेतू आने वाले है। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चैकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को जियापोता तिराहे के समीप एक संदिग्ध कार आती हुई दिखायी दी। पुलिस ने जब उसे रूकने का इशारा किया तो कार सवार व्यक्ति भागने लगा। इस पर उसे घेर कर रोका गया। तलाशी के दौरान पुलिस ने उसकी कार से 15 पेटी देशी शराब (पिकनिक मार्का) बरादम की। पूछताछ में उसने अपना नाम राधे पुत्र मुकट सिह निवासी हुसैनपुर थाना गुन्नौर जिला सम्भल उ.प्र. हाल पता रानी गली भूपतवाला कोतवाली नगर जनपद हरिद्वार बताया। पुलिस ने उसे आबकारी अधि नियम के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है।

## सरकार 8 हफ्ते में करें लोकायुक्त की नियुक्ति..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

गया है कि जब लोकायुक्त में कोई काम ही नहीं हो रहा है तो इस लोकायुक्त कार्यालय पर इतना खर्च क्यों किया जा रहा है। कोर्ट द्वारा लोकायुक्त गठन से लेकर 31 मार्च 2023 तक के खर्च का ब्यौरा भी मांगा गया है।

यहां यह उल्लेखनीय है कि तत्कालीन मुख्यमंत्री बीसी खंडूरी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार द्वारा अन्ना हजारे के आंदोलन से प्रेरित होकर राज्य में लोकायुक्त गठन का पहला प्रयास किया गया तथा राज्यपाल सुरजीत सिंह ने एस एच ए रजा को राज्य का पहला लोकायुक्त नियुक्त किया गया था इसका कार्यकाल 2008 में समाप्त होने पर एमएम घिल्डियाल को राज्य का दूसरा लोकायुक्त नियुक्त किया गया। लेकिन 2013 में उनके पद छोड़ने के बाद से लेकर अभी तक राज्य में लोकायुक्त की नियुक्ति नहीं होने से लोकायुक्त पद निष्क्रिय पड़ा है। दफ्तर में ताले लटके रहते हैं और कर्मचारी वेतन लेते रहते हैं। जबकि राज्य में इस बीच एनएच-74 और खनन तथा मेडिकल जैसे कई बड़े घोटाले सामने आते रहे हैं।

# मोबाइल टावरों से चोरी करने वाले मौर्य गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। मोबाइल टावरों से कीमती पार्टस चुराने वाले अन्तर्राज्यीय मौर्य गिरोह के चार लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 25 लाख रूपये के पार्टस बरामद कर लिये। एसएसपी ने पुलिस टीम को 25 हजार रूपये के ईनाम की घोषणा की।




आज यहां इसकी जानकारी देते हुए डीआईजी/एसएसपी दलीप सिंह कुंवर ने बताया कि थाना प्रेमनगर पर प्रवीण पुत्र तेजपाल निवासी इंड्स टावर लि. प्रेमनगर द्वारा तहरीर दी गयी कि उनकी कम्पनी द्वारा बिधौली क्षेत्र में एक मोबाइल टावर स्थापित किया गया था, जिसमें क 19 जून 2023 को मोबाइल सर्विस अचानक से बन्द हो गयी, चेक किया गया तो मालूम हुआ कि उक्त मोबाइल टावर से मोबाइल सर्विस प्रदान करने वाली डिवाइस बीटीएस ( एल 850) जिसकी कीमत करीब 03 लाख रुपये थी, चुरा ली गयी थी तथा उक्त डिवाइस के अतिरिक्त मोबाइल टावर से कुछ अन्य उपकरण भी चोरी हुए थे। मोबाइल टावरों से चोरी करने वाले गिरोह को पकडने के लिए थाना प्रेमनगर व एसओजी देहरादून की एक संयुक्त टीम का गठन किया गया। इस दौरान जनपद देहरादून के थाना सेलाकुई, थाना क्लेमनटॉउन व कोतवाली पटेलनगर क्षेत्र में भी मोबाइल टावरों से सर्विस प्रदान करने वाले कीमती उपकरणों के चोरी की घटना घटित हुई। गठित संयुक्त टीम द्वारा घटनास्थलों के आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों तथा इलैक्ट्रॉनिक सर्विलांस की मदद से घटना में संलिप्त संदिग्ध व्यक्तियों को चिन्हित किया गया जिस पर सन्दिग्ध व्यक्तियों की तलाश हेतु गठित टीम द्वारा गैर प्रान्त दिल्ली, चण्डीगढ, हरियांणा, उ.प्र. के अनेक जनपदों में दविश देकर सन्दिग्धो की तलाश की गयी। जिसके पश्चात पुलिस टीम को अथक प्रयासो के परिणाम स्वरुप सन्दिग्धों के सम्बन्ध में अनेक लाभप्रद सूचनाऐं प्राप्त हुई। जिसके फलस्वरुप गठित पुलिस टीम को उ.प्र., हरियाणा एवं उत्तराखण्ड में विभिन्न राज्यों में घटना कारित करने वाले एक सक्रिय गैंग को चिह्नित किया गया जिस पर पुलिस टीम द्वारा 26 जून 2023 को सूचना पर मोबाइल टावरों से उपकरण चोरी करने वाले उ.प्र. के एक सक्रिय गैंग 04 सदस्यों को चोरी किये गये उपकरणों के साथ गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई। जिनके कब्जे से थाना प्रेमनगर में मोबाइल टावर से चोरी गये उपकरणों के साथ-साथ जनपद देहरादून के थाना क्लेमनटॉउन, कोतवाली पटेलनगर व थाना सेलाकुई क्षेत्र में मोबाइल टावरों से चोरी हुए उपकरण भी बरामद हुए तथा जनपद देहरादून के चार थानों के चोरी के मुकदमों का सफल अनावरण किया गया।

पूछताछ में उन्होने अपने नाम कमल नयन मौर्य पुत्र गंगासागर मौर्य निवासी रविन्द्र गार्डन निकट साईं मन्दिर सैक्टर ई थाना अलीगंज लखनऊ (गैंग लीडर ),विपुल कुमार पुत्र राजवीर सिंह निवासी ग्राम कासिमपुर नवादा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर, प्रियांशु कुमार पुत्र श्रवण कुमार निवासी ग्राम कासिमपुर नवादा थाना देवबन्द जिला सहारनपुर, विजय कुमार पुत्र वीरसैन निवासी ऊन पंडेरा थाना झिंझाना जिला शामली बताये। पुलिस ने उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# विजन सोसाइटी ऑफ इंडिया ने उत्साहपूर्वक मनाया 22वां वार्षिक स्थापना दिवस



कार्यालय संवाददाता

देहरादून। विजन सोसाइटी ऑफ इंडिया ने अपना 22वां वार्षिक स्थापना दिवस उत्साह पूर्वक सांस्कृतिक कार्यक्रम कर मनाया।

सुभाष रोड स्थित एक होटल में मुख्यातिथि रिटायर्ड सी एम ओ डॉ. जे के गुप्ता ने कार्यक्रम का शुभआरम्भ दीप प्रज्वलित कर किया। संस्था के अध्यक्ष डॉ. आर एन सिंह मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। डॉ. जे पी जोशी मुख्यअतिथि का परिचय करवाया।

श्रीमति बलबीर कौर ने सदस्यों को समाज सेवा बढ़ चढ़ करने की शपथ दिलाई। एम एम कपूर द्वारा सदस्यों को संस्था के उद्देश्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। सचिव डॉ. ओ पी गुप्ता ने पूरे वर्ष में समाज हित में किये गये कार्यों की जानकारी दी, जिसको सदस्यों ने तालियां बजा कर सराहना की।

समृद्धि, वैभव आदि बच्चों ने सुन्दर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन डॉ. वैशाली अग्रवाल, डॉ. बीना जोशी एवं श्रीमति गुप्ता द्वारा किया गया। सभी सदस्यों को उनके विवाह वर्षगांठ की बधाई एवं उपहार दिये गये डॉ. इंद्रा अग्रवाल को शाल ओढ़ा कर सम्मानित किया। मंच का संचालन डॉ. महेश अग्रवाल ने किया। इस अवसर पर संजय भाटिया, रमेश भाटिया, मनजीत सिंह फ्लोरा, ए के जैन आदि उपस्थित थे।

# प्रोत्साहन भत्ता बढ़ने पर कर्मचारियों ने जताया गणेश जोशी का आभार

संवाददाता

देहरादून। प्रोत्साहन भत्ता बढने पर उपनल कर्मचारी संगठन के कर्मचारियों ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी का आभार व्यक्त किया।




आज यहां उपनल कर्मचारी संगठन ऊर्जा निगम के स्वयं सहायता समूह के कर्मचारियों ने सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने मुलाकात कर उनका आभार प्रकट किया है।

गौरतलब है कि 5 जून को ऊर्जा निगम के सेल्फ हेल्प ग्रुप के कर्मचारियों ने कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी से उपनल की तर्ज पर प्रोत्साहन भत्ता 2800 सौ से 5800 सौ कराने के लिए आग्रह किया गया था। जिस पर कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने तत्काल कर्मचारियों की समस्या को प्राथमिकता से लेते हुए और कर्मचारी हितों के लिए लागू कराया गया। समूह के कर्मचारियों ने कैंप कार्यालय में पहुंचकर कैबिनेट मंत्री का आभार व्यक्त किया। मंत्री गणेश जोशी ने सभी कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी और उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री विनय प्रसाद, पार्षद योगेश कुमार, पार्षद चुन्नीलाल, पार्षद कमल थापा, अजय कारगी, श्रेष्ठ मंडल अशोक, कृष्ण राम, पीयूष, राजू, दीपक रावत, दीपक नौटियाल, तेजपाल सिंह, अरविंद, राजेंद्र कुमार, वीरपाल, विक्की, शांति प्रसाद, दीपक बेनीवाल आदि उपस्थित रहे।

## एक नजर

# यूपी एसटीएफ ने सवा लाख के इनामी गुफरान को एनकाउंटर में किया ढेर

कौशांबी। यूपी एसटीएफ ने इनामी बदमाश को मुठभेड़ में मार गिराया है। बदमाश हत्या और डकैती के कई मामलों में वांछित था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस में रखवाया है और जांच शुरू कर दी है। एसपी कौशांबी ब्रिजेश श्रीवास्तव ने बताया कि जिला मुख्यालय मंझनपुर के समदा चीनी मिल के पास यूपी एसटीएफ के साथ मुठभेड़ में मोहम्मद गुफरान नाम का बदमाश मारा गया है। उस पर 1,25,000 रुपए का इनाम था। आज सुबह करीब पांच बजे



यूपी एसटीएफ के डीएसपी डीके शाही की टीम के साथ समदा क्षेत्र में बदमाशों से मुठभेड़ हो गई, जिसमें एक बदमाश को गोली लग गई। यूपी एसटीएफ की टीम ने मुठभेड़ की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। सूचना पर मुठभेड़ की जगह पहुंची कोतवाली पुलिस आनन-फानन में बदमाश को उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। मृतक बदमाश की पहचान कुख्यात अपराधी मोहम्मद गुफरान पुत्र आजाद निवासी थाना कोतवाली नगर जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। यह कुख्यात अपराधी हत्या, लूट, हत्या के प्रयास के सात मुकदमों में वांछित था। एसपी कौशांबी ब्रिजेश श्रीवास्तव ने बताया कि मोहम्मद गुफरान के ऊपर एडीजी जोन प्रयागराज द्वारा एक लाख और सुलतानुपर पुलिस द्वारा 25000 का इनाम रखा गया था। मोहम्मद गुफरान पर प्रतापगढ़ सहित आदि जनपदों में हत्या/हत्या के प्रयास और लूट जैसी गंभीर घटनाओं के 13 से अधिक मुकदमे दर्ज थे।

# पुलिस मुठभेड़ में कार चोर गैंग के दो बदमाशों को लगी गोली

मेरठ । मेरठ के सरधना और जानी पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए कार चोरी करने वाले अंतर्जनपदीय गिरोह का खुलासा किया है। सोमवार को मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने दो बदमाशों को पैर में गोली मारकर दबोचा है। जबकि बदमाशों के कुछ अन्य साथी भी पुलिस की हिरासत में हैं। दरअसल बदमाशों के इस गैंग ने दिल्ली से एक स्विफ्ट कार किराए पर ली थी। जिसके बाद गिरोह के तीन बदमाशों ने देर रात जानी थाना क्षेत्र में भोला रोड पर चालक को गाड़ी से उतारकर कार लूट ली। सूचना मिलने पर पुलिस ने घेराबंदी करके तीनों बदमाशों



को धर दबोचा। बताया जाता है कि बदमाशों से पूछताछ की गई तो उन्होंने पुलिस को बताया कि उनके कुछ साथी सरधना से तीन दिन पहले लूटी गई ऑल्टो कार में मेरठ आ रहे हैं। जिसके बाद जानी और सरधना पुलिस ने सोमवार को घेराबंदी करते हुए ऑल्टो कार में सवार बदमाशों को ढडरा गांव में घेर लिया। पुलिस की बदमाशों से मुठभेड़ हुई और जिसमें पैर में गोली लगने से दिल्ली निवासी राहुल और रोहटा निवासी अजय घायल हो गए। वहीं दिल्ली निवासी जमील को भी दबोचा गया।

# हेमा मालिनी से उम्र में तकरीबन 9 साल छोटे हैं सनी देओल !

मुंबई। बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता कहे जाने वाले धर्मेंद्र का परिवार काफी सुर्खियों में रहता है। बता दें कि उन्होंने दो शादियां की और उनकी पहली पत्नी प्रकाश कौर हैं। जिसके बाद उन्होंने धर्म परिवर्तन करके हेमा मालिनी के साथ में शादी रचाई। उनकी पहली शादी से उन्हें 4 बच्चे हुए और हेमा मालिनी की भी दो बेटियां हैं। जानकारी के लिए आपको बता दें कि सनी देओल की उम्र 65



साल हो चुकी है क्योंकि उनका जन्म 19 अक्टूबर 1957 में हुआ। तो वहीं अगर हम हेमा मालिनी की बात करें तो वह 74 साल की हो चुकी है। इस हिसाब से अगर देखा जाए तो सनी देओल से हेमा मालिनी तकरीबन 9 साल उम्र में बड़ी है। साथ ही साथ सनी देओल और हेमा मालिनी के बीच में काफी अच्छा बॉन्ड देखा जाता है। हालांकि दोनों को पब्लिक प्लेसिस में साथ में काफी कम देखा जाता है। सनी देओल के दो बच्चे हैं। बड़े बेटे का नाम करण देओल है जिनकी हाल ही में शादी हुई है और छोटे बेटे का नाम राजवीर है। इतना ही नहीं बताया तो यह भी गया कि सनी देओल ने हेमा मालिनी की दोनों बेटियों को फोन करके शादी में आने के लिए इनवाइट भी किया था। लेकिनवह शादी में शामिल नहीं हुई। हेमा मालिनी भी अपने पोते यानी कि सनी देओल के बेटे करण देओल की शादी में शामिल नहीं हुई। जिस वजह से हर तरफ कई सारी बातें बनने लगी।

# मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम में सीएम धामी ने किया प्रतिभाग



हमारे संवाददाता

देहरादून। राष्ट्रव्यापी महा जनसम्पर्क अभियान के तहत भाजपा द्वारा पूरे देश में मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस क्रम में आज राजधानी देहरादून के सर्वे चौक आडिटोरियम में हुए कार्यक्रम के दौरान सीएम धामी, कई वरिष्ठ भाजपा नेता तथा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा पूरे देश के बूथ कार्यकर्ताओं को वर्चुअली सम्बोधित किया गया और कुछ से बातचीत कर उनके सवालों का जवाब दिया गया। कार्यक्रम में उत्तराखण्ड के चमोली की रहने वाली महिला बूथ कार्यकर्ता हिमानी वैष्णवी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बातचीत की और उनके सवालों के जवाब दिये।

इस मौके पर सीएम धामी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने जो अपने सम्बोधन में सबका संतुष्टि की बात कही है उसी के तहत सरकार पिछले 9 साल से कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। वहीं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेद्र भट्ट ने कहा कि प्रधानमंत्री के सम्बोधन से कार्यकर्ताओं में एक अलग तरह के जोश का संचार हुआ है और वह लगातार महाजनसम्पर्क अभियान के द्वारा घर घर जाकर सरकार की योजनाओं को बताने का काम कर रहे है।

## सीएम की मौजूदगी में की भाजपा कार्यकर्ताओं ने मारपीट

देहरादून। भाजपा जो अपने आप कर अनुशासित पार्टी कहती है उसका यह सच सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। आज मेरा बूथ सबसे मजबूत कार्यक्रम के दौरान जब एक युवक व महिला बाहर जाने लगे तो भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हे रोका गया। इस दौरान मामूली कहासुनी के बीच भाजपा कार्यकर्ताओं ने उस युवक व महिला की पिटायी कार्यक्रम में सीएम की मौजूदगी के दौरान ही कर दी है। जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया में जारी हो रहा है।

# 15 लाख की स्मैक सहित यूपी के दो नशा तस्कर दबोचे



हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को कल देर शाम खासी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने बरेली के दो नशा तस्करों को दबोच कर उनके पास से 15 लाख की स्मैक बरामद की है।

जानकारी के अनुसार कल देर शाम थाना बहादराबाद पुलिस को सूचना मिली की क्षेत्र में कुछ नशा तस्कर नशीले पदार्थों की डिलीवरी हेतु आने वाले हैं। सूचना पर कार्यवाही करते हुए पुलिस ने क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला दिया। इस दौरान पुलिस को दो संदिग्ध व्यक्ति आते हुए दिखाई दिए पुलिस ने जब उन्हें रुकने का इशारा किया तो वह सकपका कर भागने लगे इस पर उन्हें घेर कर दबोचा गया।

तलाशी के दौरान पुलिस ने उनके पास से 152 ग्राम स्मैक बरामद की। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम नाजिम और रिहान निवासी शाहजहांपुर बताया। बताया कि वह दोनों नशे के आदी हैं तथा बरेली से स्मैक लाकर जहां हरिद्वार में भेजते हैं जिससे इनका नशा पीने का शौक भी पूरा हो जाता है और अच्छी कमाई भी हो जाती है बहरहाल पुलिस ने उन्हें न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# कार खाई में गिरी दो की मौत, एक घायल

हमारे संवाददाता

देहरादून। सड़क दुर्घटना में आज सुबह एक कार के खाई में गिर जाने से जहां दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी वहीं चालक गम्भीर रूप से घायल हुआ है। सूचना मिलने पर पुलिस व एसडीआरएफ ने रेस्क्यू अभियान चला कर मृतकों व घायल को बाहर निकाला और घायल को अस्पताल पहुंचाया जहां उसका उपचार चल रहा है।

ऋषिकेश-बदरीनाथ हाईवे पर आज सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। खांकरा में एक कार अनियंत्रित होकर खाई में गिर गई। जिसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि चालक गम्भीर रूप से घायल हो



गया है। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी नंदन सिंह रजवार ने बताया कि हादसा सुबह करीब पांच बजे हुआ। कार जखोली से श्रीनगर की तरफ जा रही थी। इस दौरान खांकरा के पास हादसा हो गया। सूचना मिलते ही एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीमे मौके पर पहुंची और रेस्क्यू शुरू किया। घटनास्थल से दो लोगों के शव बरामद हुए हैं। जबकि घायल हुए चालक को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नाबालिक से सामुहिक दुष्कर्म का एक आरोपी गिरफ्तार, एक फरार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नाबालिग से सामुहिक दुष्कर्म के एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। घटना का सहआरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है।

जानकारी के अनुसार बीती 25 जून को लंढ़ौरा निवासी एक व्यक्ति द्वारा कोतवाली मंगलौर में शिकायत देकर शेर अली एक अन्य पर स्वयं की नाबालिग पुत्री के साथ दुष्कर्म करने के संबंध में दी गई शिकायत के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया था। प्रकरण की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए बीती शाम घटना के मुख्य आरोपी शेर अली पुत्र नूर आलम निवासी को नगला इमरती क्षेत्र से गिरफ्तार कर लिया गया है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है। वहीं मामले में सहआरोपी फरार है जिसकी तलाश की जा रही है। मुकदमें में पोक्सो एक्ट की धाराओं की बढोत्तरी की गई है।


आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808


*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*